अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

हनुमानगढ़, (कासं)। जिले के भादरा थाना क्षेत्र में घर के बाहर जबकि रावतसर में अस्पताल परिसर में खड़ी दो बाइक चोरी कर ले गए। इस संबंध में भादरा व रावतसर पुलिस थानों में मुकदमे दर्ज करवाये गए हैं।

भादरा पुलिस के अनुसार योगेन्द्र पुत्र गंगाराम सैनी निवासी वार्ड 36, भादरा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसके पिता गंगाराम पुत्र हरलाल सैनी के नाम से बाइक रजिस्टर्ड है। उक्त बाइक 25 नवम्बर को उसके घर के बाहर खड़ी थी। कोई अज्ञात व्यक्ति देर शाम करीब 7 बजे बाइक चोरी कर ले गया। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश और पूछताछ की किन्तु बाइक नहीं मिली।

उसकी बाइक का किसी प्रकार का कोई चालान आदि नहीं हुआ है। न ही किसी प्रकार का कोई विवाद आदि किसी भी थाने या कोर्ट में चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात जने के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल नरेश कुमार को सौंपी है।

उधर रावतसर पुलिस थाने में बालकिशन पुत्र निरंजन लाल मित्तल निवासी वार्ड 24, रावतसर ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि वह अपनी बाइक पर सवार होकर 27 नवम्बर की रात्रि करीब 8 बजे अपने पुत्र पंकज को साथ लेकर रावतसर स्थित सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए गया था।

बाइक को अस्पताल की बाउण्ड्री में खड़ी कर दी। वह करीब 8.30 बजे वापस आया तो बाइक गायब मिली। कोई अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गया। बाइक की आस-पास काफी जगह तलाश की लेकिन कहीं नहीं मिली। प्रकरण की जांच हैड कांस्टेबल अशोक कुमार कर रहे हैं।

गुजरात के किसानों ने जानी ऊंटनी के दूध की औषधीय उपयोगिता

बीकानेर,(कासं)। भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) में सोमवार को सेंन्टर फॉर एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड फार्मर्स डवलपमेंट के तहत गुजरात राज्य से 50 किसानों का एक दल शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के लिए पहुंचा।

इस अवसर पर केन्द्र निदेशक डॉ. आर्तबन्धु ने गुजरात से आये इन किसानों को संबोधित करते हुए कहा

- **ऊंटनी के दूध में औषधीय गुणधर्मों की भरमार है, इसी कारण से यह मधुमेह, क्षय रोग, आटिज्म आदि मानवीय रोगों में लाभप्रद पाया गया**

कि यह संस्थान, ऊंट प्रजाति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु प्रतिबद्ध है। इस प्रजाति की सीमित होती पारंपरिक उपयोगिता एवं संख्या को दृष्टिगत रखते हुए इसके विविध पहलुओं पर गहन अनुसंधान के साथ-साथ ऊंटनी के दूध एवं कैमल इको-टूरिज्म के क्षेत्र में उद्यमिता की संभावनाओं को लेकर जागरूकता बढ़ा रहा है ताकि ऊंट पालकों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार लाया जा सकें।

डॉ. साहू ने किसानों को इस प्रजाति की शारीरिक विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि ऊंटनी के दूध में औषधीय गुणधर्मों की भरमार है। इसी कारण से यह मधुमेह, क्षय रोग, आटिज्म आदि मानवीय रोगों में लाभप्रद पाया गया है।

यह एलर्जी रहित, सुपाच्य, कम वसा आदि के कारण अपनी एक विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने किसानों को ऊंटनी के लम्बे दुग्धकाल का जिक्र करते हुए प्रोत्साहित किया कि गुजरात देश का ऐसा पहला राज्य है जहां के अमूल आदि के माध्यम से ऊंटनी के दूध के व्यवसाय व विपणन के बारे में पहल की गई।

यही कारण है कि राजस्थान के बनिस्पत गुजरात में ऊंटों की संख्या बहुत कम घटी है और देश भर में राजस्थान के बाद गुजरात दोनों राज्य में ही ऊंटों की आबादी अधिक होने के कारण इसके दुग्ध व्यवसाय की प्रबल संभावनाएं देखी जा सकती है।

इस अवसर पर गुजरात के किसानों ने ऊंटों से जुड़े विभिन्न रोचक प्रश्नों यथा-ऊंट के जलग्रहण क्षमता, कूबड़ की विशेषता ऊंटनी के दूध से बनाये जाने वाले उत्पाद आदि बारे में अपनी उत्सुकता जाहिर की।

इस पर उन्हें वैज्ञानिक स्वरूप में समझाया गया। किसानों के दल प्रभारी डॉ. अमोल गोंगे, बागायत अधिकारी, असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ होर्टीकल्चर विभाग, आहवा डांग, गुजरात ने एनआरसीसी वैज्ञानिकों द्वारा प्रदत्त जानकारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए आभार स्वरूप में कहा कि देश की सुरक्षा में आज भी सेना आदि के माध्यम से ऊंट अपनी उपादेयता को सिद्ध कर रहा है तथा इस केन्द्र द्वारा ऊंट प्रजाति के विकास एवं संरक्षण हेतु किए जा रहे अनुसंधानिक एवं व्यावहारिक प्रयास प्रशंसनीय एवं प्रेरणादायक है। केन्द्र के वैज्ञानिक (प्रसार) डॉ. शान्तनु रक्षित द्वारा किसानों को उष्ट्र संग्रहालय, उष्ट्र बाड़ों, उष्ट्र डेयरी फार्म का भ्रमण करवाते हुए ऊंटों के फील्ड स्तर से जुड़ी जानकारी प्रदान की गई।

एन.आर.सी.सी. बीकानेर के वैज्ञानिक (प्रसार) डॉ. शान्तनु रक्षित (बीच में) ने गुजरात के किसानों को ऊंटों के फील्ड स्तर से जुड़ी जानकारी दी।

देवर-देवरानी से की मारपीट

हनुमानगढ़, (कासं)। विवाहिता ने जेठानी और उसके पीहर पक्ष के लोगों पर मारपीट कर सोने की चैन और टॉप्स छीनने का मामला दर्ज कराया।

पीलीबंगा पुलिस थाने में एक विवाहिता ने अपने पति के साथ जाकर अपनी जेठानी और उसके पीहर पक्ष के लोगों पर मारपीट कर सोने की चैन और टॉप्स छीनने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अनु पत्नी मुकेश कुमार सोनी निवासी वार्ड 23 ने अपने पति मुकेश कुमार पुत्र अशोक कुमार सोनी के साथ थाना पहुंचकर लिखित रिपोर्ट दी कि उसकी जेठानी आरजू पत्नी सुनील आये दिन उसके साथ लड़ाई-झगड़ा करती रहती है। करीब तीन माह पहले आरजू ने उसे सीढियों से धक्का देकर गिरा दिया था। तब उसकी कमर और शरीर पर काफी चोटें लगी तथा रीढ़ की हड्डी में फैक्चर आ गया था।

आरजू आये दिन उसे मानसिक रूप से परेशान करती है। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहने लग गई। उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे उसकी जेठानी आरजू, जेठ सुनील कुमार तथा आरजू के भाई रवि वर्मा और संजीव वर्मा, आरजू की मां राजरानी एक राय होकर जबरन उनके घर में घुस गए। उसके साथ थाप-मुक्कों से मारपीट करने लगे और गला दबा दिया। इससे उसके गले पर नाखून की खरोंच के निशान पड़ गए। इन लोगों ने उसके गले से सोने की चैन और कानों से टॉप्स छीन लिए। उसके पति मुकेश कुमार ने बीच-बचाव करने का प्रयास तो सभी ने उसके साथ भी थाप-मुक्कों से मारपीट की और घरेलू सामान में तोड़-फोड़ कर गाली गलौज की।

सार-समाचार

श्रमदान कर सामूहिक सफाई की

सुपर स्पेशलिस्टी ब्लॉक में डॉक्टर्स एवं कार्मिकों ने सामूहिक स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी निभाई।

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक की अधीक्षक डॉ. सोनाली धनव की अध्यक्षता में बीते रविवार को सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के अंतर्गत सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में सभी डॉक्टर्स एवं कार्मिकों ने सामूहिक स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी निभाई। इस दौरान प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी तथा एसएसबी अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने भी श्रमदान देकर आम लोगों का सफाई के प्रति जागरूक किया। एसएसबी के रेडियो डायग्नोसिस विभाग के प्रभारी डॉ. सचिन बांठिया एवं उनकी पूरी टीम ने भी सफाई अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. गिरिश प्रभाकर, डॉ. दिनेश सोढ़ी, डॉ. जगदीश चंद्र कूंकणा, डॉ. विनीता चौधरी, डॉ. सूशील फलोदीया डॉ इंद्रपुरी, डॉ. अभिषेक कोचर, डॉ. युनूस खिलजी, डॉ. गरीमा शर्मा, डॉ. मोहनलाल काजला, डॉ. भूपेन्द्र शर्मा, डॉ. धर्मवीर, नर्सिंग अधीक्षक शशिकला जोशी, मनोज पांडे, सुरेन्द्र स्वामी, सहित अन्य सभी कार्मिकों ने सामूहिक रूप से स्वैच्छिक सफाई अभियान में अपनी भागीदारी निभाई।

शहर कांग्रेस की धन्यवाद बैठक कल

बीकानेर, (कासं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय कोठारी हॉस्पिटल रोड पर 6 दिसम्बर को सुबह 11 बजे कांग्रेसजन और बीकानेर के प्रबुद्ध सम्मानित जन की बैठक रखी गई है। संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि इस बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत और वरिष्ठ नेता डॉ. बी. डी. कल्ला चुनाव समीक्षा के साथ- साथ शहर जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों और बीकानेर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में कार्य करने वाले सभी सम्मानित सदस्य का धन्यवाद ज्ञापित कर आगामी रणनीति पर विचार विमर्श करेंगे। प्रवक्ता विकास तंवर ने बताया कि धन्यवाद बैठक में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेतागण, पीसीसी सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, विधानसभा और लोकसभा प्रत्याशी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, बीकानेर नगर निगम के कांग्रेसी पार्षदजन,पार्षद प्रत्याषी, जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, मंडल अध्यक्ष सहित सभी विभागों, प्रकोष्ठों, और कांग्रेसी विचारधारा से जुड़े सभी संगठनों के प्रदेश और जिला पदाधिकारी और बीकानेर शहर में चुनाव 2023 में कांग्रेस के पक्ष में कार्य करने वाले सभी सम्मानित भागीदारी निभायेंगे।

अनुशासन का पाठ पढ़ाया

एम.जी.एस.यू. में एनएसएस शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम को महापौर सुशीला राजपुरोहित (बीच में) ने सम्बोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा साथ दिवसीय विशेष शिविर का आगाज 4 दिसम्बर को किया गया। शिवर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीकानेर की महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित थी। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस प्रभारी उमेश शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत के साथ किया। आगामी सात दिवस में होने वाली एनएसएस की गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सुशीला राजपुरोहित में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करने का आव्हान किया। साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की समाज में अलग पहचान होती है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरूण प्रकाश शर्मा ने स्वयंसेवकों को निष्ठा एवं अनुशासन द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके साथ विश्वविद्यालय के अतिरिक्त कुलसचिव विट्ठल बिस्सा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवा योजना के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एनएसएस के इतिहास एवं उसमें होने वाले गतिविधियों के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत करवाया। साथ ही प्रो. राजाराम ने सभी स्वयंसेवकों को श्रमदान एवं विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण एवं गोद लिए गांव में वहां के लोगों को विभिन्न विषयों में जागृत करने हेतु प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही अंत में एनएसएस प्रभारी डॉ. संतोष कंवर शेखावत द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन एनएसएस सेवक निखिल सिंह द्वारा किया गया।

लूणकरनसर में कांग्रेस के बागी वीरेन्द्र बेनीवाल चौथे स्थान पर रहे

लूणकरनसर,(कासं)। लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में इस बार मुकाबला चतुष्कोणीय माना जा रहा था लेकिन ईवीएम के मतों की गिनती शुरू होने के साथ ही शुरूआती तीन राउंड बाद ही साफ हो गया कि मुकाबला त्रिकोणीय हो चुका है। फिर पहले, दूसरे और तीसरे पायदान के किरदार बदलते रहे। अंततः निर्दलीय प्रत्याशी पिछड़ गए और मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में बना। जीत का सेहरा बंधा भाजपा के सुमित गोदारा के सिर बंधा।

सुबह के 9 बजे पहले राउंड की ईवीएम का डेटा सामने आया तो सब चौंक गए। निर्दलीय प्रत्याशी प्रभुदयाल को सबसे ज्यादा 2763 मत मिले। कांग्रेस के राजेन्द्र मूंड को 2036 और तीसरे नम्बर पर भाजपा के सुमित गोदारा को 1821 मत मिले। फिर दूसरे राउंड में मूंड ने और बढ़त बना ली, लेकिन सुमित ने प्रभुदयाल से कुछ

- **जीत का सेहरा बंधा भाजपा के सुमित गोदारा के सिर पर बंधा**

ज्यादा मत लिए। इस तरह शुरूआत के कई राउंड तक प्रभुदयाल और कांग्रेस के राजेन्द्र मूंड मामूली अंतर से आगे-पीछे चलते रहे।

नौवें राउंड में पहुंचे तो राजेन्द्र का आंकड़ा 20 हजार पर ही पहुंचा। जबकि सुमित 25 हजार के पार और प्रभु 24 हजार के पार हो चुके थे। ऐसे में समीकरण राजेन्द्र और प्रभु में मुकाबले से बदल कर प्रभु और सुमित के बन गए। तेरहवें राउंड में सुमित सबसे आगे होकर 36 हजार के पार और दूसरे नम्बर पर प्रभु 33 हजार पर आ गए। राजेन्द्र तब 30 हजार तक पहुंचने की जद्दोजहद कर रहे थे। इस दौरान राजेन्द्र मूंड की प्रतिक्रिया आई कि अभी मामूली अंतर है, मुझे बढ़त मिलेगी।

फिर 17 वें राउंड परिस्थिति ऐसी बनी कि राजेन्द्र और प्रभुदयाल दोनों 39 हजार पर पहुंच गए तथा सुमित 46 हजार पर। यहां से बाजी पलटी और आगे के राउंड में सुमित और राजेन्द्र के बीच मुकाबला बना। अंततः परिणाम ने चौंकाया और शुरूआत के राउंड में जो सुमित तीसरे नम्बर पर थे। उन्होंने 9 हजार मतों से बाजी जीत ली। लूणकरनसर जिले में सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है। भाजपा के सुमित गोदारा पांच साल के कार्यकाल में सक्रिय रहे लेकिन सरकार कांग्रेस की होने से ज्यादा काम नहीं करवा पाए। कांग्रेस ने सक्रिय रहे वीरेन्द्र बेनीवाल को टिकट नहीं दी। ऐसे में मुकाबले में कमजोर होने से जनता ने ज्यादा विश्वास नहीं जताया।

अधिकारों की जानकारी दी

हनुमानगढ़, (कासं)। अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की ओर से प्रेषित स्टेट एक्शन प्लान की पालना में जंक्शन के नवज्योति विकलांग कल्याण एवं पुनर्वास संस्थान में अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष में सोमवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धनपत माली ने कहा कि समाज के दिव्यांग व्यक्तियों को समाज में बराबरी का अवसर उपलब्ध करवाने और उनके अधिकारों के प्रति उन्हें और अन्य लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए ताकि उन्हें सामान्य नागरिकों के समान ही सामाजिक-आर्थिक विकास का लाभ प्राप्त हो सके।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बीकानेर, (कासं)। ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पलाना रेल फाटक से करीब दो किलोमीटर पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने शव को देशनोक के सामुदायिक चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया है। फिलहाल युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

लज्जा भंग का आरोप : पीड़ित विवाहिता ने अपने ही पति के साथ-साथ जेठ व जेठूतों पर मारपीट व लज्जा भंग करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ महाजन पुलिस थाना में मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता की रिपोर्ट में बताया कि उसके पीहर व ससुराल वालों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं होने के कारण उसको एक कमरे में अलग से रखे हुए है। वह खुद ही कमाती है और अपने एक बेटे को पाल रही है। पति उससे अलग रहता है।

- **पलाना रेल फाटक से करीब दो किलोमीटर दूरी पर हुई घटना**
- **अभी तक नहीं हो सकी मृतक की शिनाख्त**

उसने रिपोर्ट में बताया कि 25 नवम्बर को वह वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पहुंची। किन्तु पर्ची घर भूल गई थी। जिसको लेने के लिए वापस घर गई तो पति अमरचन्द, दो जेठ हुकमाराम, बजरंग लाल, दो जेठूते दिनेश व रमेश ने मुझको घर में घुसने नहीं दिया तथा उसके साथ मारपीट की और लज्जा भंग करने की कोशिश की। बाद में उन लोगों ने उसको एक कमरे में बंद कर दिया। कमरे में बंद करने के दौरान उसने पुलिस को इत्तला दी।

नाबालिग को भगा ले गया युवक

हनुमानगढ़, (कासं)। ईंट भट्टे पर रहने वाली नाबालिग को भट्टे पर काम करने वाला युवक अपने साथ भगा ले गया। साथ ही घर से सोने-चांदी के जेवरात और नगदी भी ले गया। नाबालिग के पिता ने इस संबंध में भादरा पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार मूलतः उत्तरप्रदेश निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह वर्तमान में भादरा क्षेत्र में स्थित एक ईंट भट्टे पर अपने परिवार के साथ रहकर मजदूरी करता है। इसी ईंट भट्टे पर गुरमुख पुत्र परमजीत, निवासी मसीतां, तहसील डबवाली, जिला सिरसा भी मजदूरी करता है। वह भी भट्टे पर रहता है। गुरमुख उसकी 16 साल की बेटी पर बुरी नजर रखता था। 28 और 29 नवम्बर की रात करीब दो

- **ईंट भट्टे पर रहने वाली नाबालिग को भट्टे पर काम करने वाला युवक जेवर सहित भगा ले गया**

बजे गुरमुख उसके घर में घुसा और उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। वह घर में रखे हुए सोने के बाले, सोने की नथ और चांदी की एक जोड़ी पायजेब और दो हजार रूपए भी साथ ले गया। पीडित ने बताया कि उसके सब जगर बेटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। भादरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश हैड कांस्टेबल रतिराम को सौंपी है।

किशोर ने फांसी लगा जान दी

बीकानेर, (कासं)। 14 साल के बच्चे ने दो दिन पहले बीकानेर के जयपुर रोड स्थित मकान पर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस अब इस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

इतने छोटे बच्चे ने सुसाइड का कदम क्यों उठाया। इसकी जांच हो रही है। जयपुर रोड पर स्थित खाटूश्याम मंदिर के पास श्याम नगर निवासी ने इस संबंध में जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में मर्ग दर्ज कराई है।

वहीं श्रीडूंगरगढ़ के ऊपनी में सार्वजनिक ट्यूबवैल की केबल चोरी का मामला रामेश्वर लाल गोदारा ने थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ दर्ज करवाया है। गोदारा ने बताया कि गांव में गोदारों के बास में आदूनाथ की फैक्ट्री के पास ट्यूबवैल स्थित है। जिसमें से चोर 30 नवम्बर की रात को करीब 550 मीटर केबल काट कर ले गए।

सिद्धि कुमारी चौथी व सुमित गोदारा दूसरी बार जीते

बीकानेर, (कासं)। विधानसभा चुनाव में जिले की जनता ने जनादेश देकर कांग्रेस सरकार के तीनों मंत्रियों भंवर सिंह भाटी, गोविन्दराम मेघवाल और डॉ. बी.डी. कल्ला को नकार दिया। कांग्रेस अपनी तीनों सीटों को नहीं बचा पाई। दूसरी तरफ भाजपा के दो विधायक सिद्धि कुमारी और सुमित गोदारा फिर से जीते हैं। इनमें सिद्धि की यह लगातार चौथी और सुमित की लगातार दूसरी जीत है।

भाजपा के नोखा प्रत्याशी और बिहारीलाल बिश्नोई हार गए। भाजपा ने श्रीडूंगरगढ़ में माकपा से सीट छीन ली है। यहां से भाजपा के ताराचंद सारस्वत विधायक निर्वाचित हुए है। सारस्वत को जल्दी टिकट मिलने का फायदा मिला।

- **बीकानेर में तीन दिग्गज मंत्रियों की करारी हार, जिले में 6 सीटों पर भाजपा जीती**

उन्होंने नाराज नेताओं को मना भी लिया था। उन्होंने कांग्रेस के मंगलाराम को 7592 मतों से हराया है।

कोलायत विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित अंशुमान सिंह भाटी सबसे कम उम्र के विधायक बने हैं। साथ ही उन्होंने जिले में सबसे बड़ी जीत भी दर्ज की है। अंशुमान ने कांग्रेस के मंत्री और लगातार दो बार के विधायक भंवरसिंह भाटी को 32 हजार 984 मतों से हराया है। बीकानेर पश्चिम से भाजपा के जेठानंद व्यास ने भी कांग्रेस के मंत्री डॉ. बीडी कल्ला को 20 हजार 432 मतों से हराया है। व्यास दिग्गज को पटखनी देने में कामयाब रहे। बीकानेर पूर्व से भाजपा की सिद्धि कुमारी लगातार चौथी बार निर्वाचित हुई है। सिद्धि ने कांग्रेस के यशपाल गहलोत को 19 हजार 141 मतों से हराया है।

खाजूवाला से भाजपा प्रत्याशी डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कांग्रेस की चुनाव कैम्पेन कमेटी के अध्यक्ष और स्टार प्रचारक गोविन्दराम मेघवाल को 17 हजार 100 मतों से हराया। लूणकरनसर में भाजपा के सुमित गोदारा ने कांग्रेस के राजेन्द्र मूंड को 9 हजार 13 मतों से शिकस्त दी है।

विधायक जेठानंद व्यास ने लिया बिरजू भाई मार्ग में जल भराव का जायज़ा

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर पश्चिम से विधायक जेठानंद व्यास ने बिरजू भाई द्वार में जलभराव की स्थिति का सोमवार को जायजा लिया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया।

गंदे पानी के भराव के कारण यहां के स्थानीय निवासियों को पिछले कई दिनों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर इसे प्राथमिकता से लेते हुए विधायक निर्वाचित होने के अगले ही दिन सोमवार को उन्होंने अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया।

उन्होंने सभी आवश्यक संसाधनों का उपयोग करते हुए गंदा पानी लिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे चौबीस घंटे बाद इसका पुनः अवलोकन करेंगे।

इसके मद्देनजर निगम द्वारा इस कार्य को पूर्ण गंभीरता से किया जाए।

विधायक जेठानंद व्यास ने बिरजू भाई मार्ग में जल भराव की स्थिति का निरीक्षण किया।

व्यास ने कहा कि शहरवासियों की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए।

वरिष्ठ अधिकारी इनकी नियमित मॉनिटरिंग करें। व्यास ने इस क्षेत्र का पैदल चलकर मुआयना किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में और अधिक सुधार के लिए समय-समय पर आमजन का फीडबैक लिया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार इनका क्रियान्वयन किया जायेगा। इस दौरान पार्षद अरविंद किशोर आचार्य, प्रदीप उपाध्याय, कमल आचार्य, अनिल हर्ष आदि उनके साथ मौजूद थे।

- **व्यास ने निगम अधिकारियों को गंदा पानी लिफ्ट करने के निर्देश दिए**
- **उन्होंने कहा कि वे चौबीस घंटे बाद जल भराव वाली जगह का दुबारा अवलोकन करेंगे**

सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में दर्द निवारक क्लीनिक शुरू

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉक्टर गुंजन सोनी ने सोमवार सुबह सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में दर्द निवारक क्लीनिक का उद्घाटन किया। एसएसबी अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने बताया कि पेन मैनेजमेंट सेवाओं के अंतर्गत प्रत्येक सोमवार को एसएसबी ओपीडी के कमरा नं. 1 में डॉ. युनूस खिलजी द्वारा पेन क्लीनिक का संचालन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक बुधवार को डॉ. खिलजी द्वारा इंटरवेन्शनल पेन ऑपरेशन डे रखा गया है। प्राचार्य डॉ. सोनी के निर्देशानुसार डॉ. खिलजी प्रत्येक शुक्रवार को आचार्य तुलसी कैंसर सेंटर स्थिति पेलिएटीव विभाग में अपनी ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे।

उल्लेखनीय है कि डॉ. युनूस खिलजी ने हाल ही में लंदन से एडवांस पेन मैनेजमेंट एवं न्यूरोमॉड्यूलेशन में फेलोशिप हासिल की है। ये डिग्री

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में पेन मैनेजमेंट सेवाओं का उद्घाटन कर शुभारंभ किया।

हासिल करने वाले डॉ. खिलजी राजस्थान के प्रथम व्यक्ति है। डॉ. युनूस खिलजी ने बताया कि इस क्लीनिक में पुराने दर्द से पीड़ित रोगी जैसे स्लीप डिस्क, कमर दर्द, गर्दन, सभी प्रकार के जोड़ों के दर्द से पीड़ित रोगी, ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया, साइटिका सहित अन्य नर्व पेन, विसरल पेन जैसे पुराने पेट के दर्द, फ्रोजन सोल्डर एवं कैंसर रोग से होने वाले दर्द से पीड़ित रोगी लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस विभाग में दर्द का उपचार मुख्य रूप से इंटरवेशनल पेन प्रोसिजर मिनिमल इन्वेजिव पद्धति से किया जाएगा।